**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ</u>

पन्तनगर। 04 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में आज 'गुणवत्ता निर्माण के लिए इंजीनियरिंग अभ्यास एवं सामग्री परीक्षण में इंजीनियरों की क्षमता निर्माण' विषय पर दो–साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति मुख्य अतिथि डा. मनमोहन सिंह चौहान; विशिष्ट अतिथि ई. अजय कुमार पन्त, विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी); ई. विभू विश्वमित्रा रावत, मुख्य अभियन्ता (कुमाऊँ), ग्रामीण कार्य विभाग (आर.डब्ल्यू.डी.); विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग, डा. पी.एस. महर; एवं सह प्राध्यापक डा. संजीव सुमन, ट्रेनिंग कार्डिनेटर मंचासीन थे। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या गावों में रहती है और गांवों के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं अन्य आधारभूत ढांचों के निर्माण में सिविल इंजीनियर्स का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है और मैं आशा करता हूं कि इस अवसर पर प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे प्रशिक्षणार्थी अनुभवी वैज्ञानिकों/अधिकारियों के अनुभव का पूरा लाभ उठाकर भविष्य में अपना सार्थक योगदान कर सकेंगे। उन्होंने इस बात के लिए प्रशंसा व्यक्त की कि डा. पंत एवं डा. रावत दोनों ही लोग यहां के एल्यूमिनाई हैं। उन्होंने अधिष्ठाता प्रौद्योगिक महाविद्यालय एवं विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग एवं उनकी टीम को प्रशिक्षण के आयोजन के लिए बधाई देते हुए इसे बहुत ही समसामयिक एवं समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण निर्माण विभाग को प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा ई. पंत एवं ई. रावत को प्रशिक्षण हेतु समय देने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग एवं डा. संजीव सुमन एवं उनकी टीम को प्रशिक्षण के आयोजन के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर ई पंत, ई. रावत एवं डा. महर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डा. संजीव सुमन द्वारा किया गया तथा डा. सुनील कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर निदेशक संचार एवं प्रसार शिक्षा, मुख्य महाप्रबंधक फार्म, अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग एवं अन्य संकायों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए तैयार किये गये कोर्स मेटेरियल के साथ प्रकाशित पुस्तक का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया।




*प्रशिक्षणार्थियों के लिए तैयार किये गये कोर्स मेटेरियल पुस्तक का अनावरण करते अतिथिगण।*